# वैष्णव जन तो तेने कहिए जे पीड़ पराई जाने रे

## Aim & Objective

अमन समिति का मुख्य उद्देश्य समाज में प्रेम, भाईचारा एवं सौहार्द्र को बढ़ावा देना है। यह संगठन धार्मिक सौहार्द्र, सामाजिक न्याय एवं मानवीय मूल्यों को केन्द्र में रखकर कार्य करता है। आपसी संवाद एवं सहमति की संस्कृति को बढ़ावा देना हमारे उद्देश्यों में संलग्न है।

अपने इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए अमन समिति विभिन्न माध्यमों / गतिविधियों से सम्बंधित विचारों के प्रचार-प्रसार का कार्य करती है ताकि समाज में प्रेम, भाईचारा एवं सौहार्द्र का वातावरण कायम रह सके।

## Our Journey

अमन समिति की शुरूआत 2015 में बिहार के कुछ उत्साही युवाओं ने समाज में प्रेम, सौहार्द्र और भाईचारे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की थी। शुरुआत में यह एक छोटे समूह के रूप में शुरू हुई, लेकिन धीरे-धीरे इसकी पहुँच और प्रभाव अन्य शहरों और राज्यों तक फैल गई।

अमन समिति यह मानती है कि प्रेम और भाईचारे के माध्यम से ही एक शांतिपूर्ण, समृद्ध एवं संतुलित समाज का निर्माण किया जा सकता है। इसलिए अमन समिति विभिन्न समुदायों के बीच संवाद को बढ़ावा देने और आपसी मतभेदों को सुलझाने में सहायक भूमिका निभाने का प्रयास करती है।

## Donation

अमन समिति द्वारा किसी प्रकार का केन्द्रीयकृत डोनेशन (सेंट्रली डोनेशन) लेने की कोई व्यवस्था नहीं है। इस संबंध में डोनेशन देने के इच्छुक सभी साथियों से निवेदन है कि वे अमन समिति के स्थानीय सदस्यों या संगठनों को भली-भांति जांच-परखकर ही आर्थिक सहयोग प्रदान करें, ताकि आपके सहयोग का सदुपयोग समिति के उद्देश्यों एवं संदेशों के प्रचार-प्रसार में किया जा सके।

यदि आप चाहें तो स्थानीय सदस्यों या संगठनों को प्रचार-सामग्री जैसे पर्चे, पोस्टर, स्टीकर, फ्लेक्स आदि छपवाकर उपलब्ध करा सकते हैं। यह सहयोग का सबसे प्रभावी और सराहनीय माध्यम होगा, जिससे अमन समिति के मूल विचारों को जन-जन तक पहुँचाया जा सकेगा।

**आपके सहयोग एवं समर्थन के लिए हम हृदय से आभारी हैं।**



आप मानवता में विश्वास मत खोइए,
मानवता सागर की तरह है।
अगर सागर की कुछ बूँदें गन्दी हैं,
तो सागर गन्दा नहीं हो जाता।

M.K. Gandhi


www.amansamiti.com

+91 - 9942298071
+91 - 8825172718

contact@amansamiti.com

101, Satya Ganga Apartment,
Behind A.N. College, Shivpuri,
Patna- 800023, Bihar




## अमन का वास्ता और रास्ता

"खुद जिओ, औरों को भी जीने दो
यही है ज़िन्दगी का रास्ता,
तुम्हें अमन व शांति का वास्ता।"

ये कुछ पंक्तियाँ न केवल भावनात्मक अपील हैं, बल्कि आज के दौर में सामाजिक विवेक की आवश्यकता का उद्घोष भी हैं। मनुष्य मात्र में समानता का भाव और व्यवहार ही सभ्यता की पहचान है। अनेक पंथ, अनेक उपासना पद्धतियाँ हो सकती हैं, परंतु उनकी मंज़िल एक ही है - मानवीयता।

आज जब हम 'अमन' की बात करते हैं, तो यह केवल एक विचार नहीं, बल्कि एक संकल्प होना चाहिए। आज की सबसे बड़ी भूख - नफ़रत की भूख - का समाधान अमन की राह से ही संभव है। चाहे वह जाति के आधार पर हो, संप्रदाय, लिंग या आर्थिक विषमता के आधार पर - इन सबका समाधान संवाद, समता और सहयोग में ही निहित है।

**प्रो विजय कुमार**, संरक्षक - अमन समिति
पूर्व विभागाध्यक्ष, गांधी स्नातकोत्तर विचार विभाग, तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय



# अमन समिति

## प्रेम, भाईचारा एवं सद्भाव के लिए समर्पित

अमन समिति का मुख्य उद्देश्य समाज में प्रेम, भाईचारा एवं सौहार्द्र को बढ़ावा देना है। यह संगठन धार्मिक सौहार्द्र, सामाजिक न्याय एवं मानवीय मूल्यों को केन्द्र में रखकर कार्य करता है। आपसी संवाद एवं सहमति की संस्कृति को बढ़ावा देना हमारे उद्देश्यों में संलग्न है।

**मज़हब कोई ऐसा भी चलाया जाए,
जिसमें इंसान को इंसान बनाया जाए**

प्रेरणास्रोत

**प्रशांत भूषण** **आनन्द कुमार**



## Founder's Message



**धनंजय कुमार सिन्हा**
संस्थापक, अमन समिति

अमन समिति की शुरूआत करने के पीछे मेरा उद्देश्य था – समाज में प्रेम, सौहार्द्र और भाईचारे का वातावरण बनाए रखने का प्रयास करना। मैंने कई लोगों एवं कुछ संस्थाओं को समाज में धर्म एवं जाति के नाम पर द्वेष एवं घृणा फैलाने का प्रयास करते हुए पाया, और साथ ही कई बार उन नकारात्मक प्रयासों को काफी हद तक सफल होते हुए भी पाया, तो मुझे लगा जब द्वेष और घृणा का प्रसार किया जा सकता है तो प्रेम और भाईचारे का प्रचार-प्रसार क्यों नहीं किया जा सकता है? मैंने सोचा कि चाहे कम ही क्षमता में क्यों न हो सके पर इस सकारात्मक प्रयास को करना जरूरी है, और तब मैंने अमन समिति की शुरूआत की।

हमारा समाज तब ही तीव्र एवं संतुलित प्रगति कर सकता है जब समाज में लोग एक-दूसरे के प्रति सहानुभूति, समझ और सहयोग का भाव रखें। अमन समिति इस विश्वास के साथ काम कर रही है कि छोटी-छोटी कोशिशें एक बड़ा बदलाव ला सकती हैं। मुझे गर्व है कि हमारी यात्रा केवल पटना तक सीमित नहीं रही, बल्कि अन्य स्थानों पर भी फैल रही है।

मेरा आप सबसे यही अनुरोध है कि आप भी इस मुहिम का हिस्सा बनें एवं समाज में शांति और भाईचारे की इस लौ को जलाए रखें।

## work with us :

**आप निम्न प्रकार से अमन समिति के कार्यों में अपना सहयोग कर सकते हैं:**

1. अमन समिति के वेबसाइट एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स (फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स एवं यूट्यूब) पर डाले गए संदेशों (फोटो / वीडियो) को अधिक-से-अधिक शेयर करके आप घर बैठे अमन समिति के संदेशों को फैलाने में सहयोग कर सकते हैं। इस कार्य में प्रतिदिन आपके द्वारा दिया गया 5 से 10 मिनट का समय हजारों लोगों तक अमन समिति के संदेशों को पहुंचाने में सहयोग कर सकता है। कोई व्यक्ति अगर अमन समिति के प्रमोशनल मैटीरियल्स में अपना नाम एवं फोटो जोड़ना चाहते हैं तो वे इसमें एडिट करवाकर अपना नाम एवं फोटो जोड़ सकते हैं, तत्पश्चात वे सोशल मीडिया के माध्यम से इसे फैलाकर अमन समिति के संदेशों को फैलाने में मदद कर सकते हैं। प्रमोशनल मैटीरियल्स के डिजाइन्स को वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

2. वेबसाइट पर दिए गए प्रमोशनल मैटीरियल्स (पर्चा, पोस्टर, स्टीकर, फ्लेक्स इत्यादि) के डिजाइन को डाउनलोड करके उन्हें अपनी सहज क्षमता के अनुसार छपवाकर भी आप प्रचार-प्रसार कर सकते हैं। आप चाहें तो इन डिजाइन्स को एडिट करवाकर इनमें अपना नाम और फोटो भी डाल सकते हैं।

3. विभिन्न शैक्षणिक एवं अन्य संस्थानों में परिचर्चा का आयोजन करके एवं परिचर्चा में भाग लेने वाले साथियों को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट और सम्मान (मोमेंटो इत्यादि) देकर भी आप अमन समिति के विचारों को फैलाने में सहयोग कर सकते हैं।

4. आप ईमेल अथवा व्हाट्सएप के माध्यम से अपने बहुमूल्य सुझाव देकर भी हमारी सहायता कर सकते हैं।

5. आप हमारे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के लिए अच्छे पोस्ट, आलेख, फोटो, वीडियो इत्यादि भी बनाकर हमें भेज सकते हैं।

6. अन्य भी किसी प्रकार से अगर आपको लगता है कि आप अमन समिति के संदेशों को फैलाने में सहयोग कर सकते हैं तो कृपया ईमेल अथवा व्हाट्सएप के जरिए हमें जरूर बताएं।

**मजबूत लोग अपने लिए खड़े होते हैं, लेकिन उससे भी मजबूत लोग दूसरों के लिए खड़े होते हैं।**

# यह सफ़र सिर्फ़ "बड़ा आदमी" बनने का नहीं है, "आदमी" बनने का है।

## संगठन विस्तार का प्रारूप

जितने भी व्यक्ति ऑनलाइन सदस्यता फॉर्म भरकर सदस्य बनेंगे, उनमें से यह चेक किया जाएगा कि कौन-कौन सदस्य एक ही वार्ड / गांव / पंचायत / शहर / प्रखंड / नगर निगम / जिला से हैं। जैसे ही एक जगह से 10 सदस्य बन जाएंगे तो उन सबको एक व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से आपस में जोड़ दिया जाएगा ताकि वे सभी एक-दूसरे के सहयोग से ज्यादा तेजी से अमन समिति के संदेशों को अपने क्षेत्र में फैला सकें। साथ ही, मिल-जुलकर स्थानीय स्तर पर बैठकों एवं कार्यक्रमों का भी आयोजन कर सकें।

सक्रिय सदस्यों के योगदान को देखते हुए उन्हें अलग-अलग स्तर की कमिटियों में शामिल किया जाएगा। कमिटियों के गठन की प्रक्रिया का विस्तृत ब्यौरा निकट भविष्य में जारी किया जाएगा।

